समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्याः PhD-12675/विकास/

दिनांकः 15/6/23

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, समन्वयक,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि आपके विभाग के पीएच.डी पाठ्यक्रम में पंजीकृत शोधार्थियों के जेआरएफ/एसआरएफ से सम्बन्धित प्रपत्र जैसे निरन्तरता प्रमाण पत्र, आवास भत्ता, प्रोग्रेस रिपोर्ट आकस्मिकता इत्यादि से सम्बन्धित प्रपत्र यूजीसी के नियमानुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित किये जाते है, जिसमें उपस्थिति से सम्बन्धित कोई प्रपत्र संलग्न नही किये जाते है। प्रायः यह भी देखा गया है कि फेलोशिप से सम्बन्धित प्रपत्र प्रतिमाह प्रस्तुत न कर अत्यधिक विलम्ब से प्रेषित किये जाते है।

अतः आपसे अनुरोध है कि पीएच.डी शोधार्थियों के जेआरएफ/एसआरएफ से सम्बन्धित प्रपत्रों के साथ उपस्थिति पंजिका की छायाप्रति विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित संलग्न करते हुए यूजीसी के नियमानुसार निर्धारित समय पर प्रपत्र प्रस्तुत करवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

15-6-23

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

पत्रांक.................................................... दिनांक..............................

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

2–समस्त संकायाध्यक्ष, ल0वि0वि0, लखनऊ।

3–निदेशक, यू0डी0आर0सी0/वेबसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को सूचित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव